Title: Need to increase the amount of honorarium being paid to village health guides.

श्री पुन्नू लाल मोहले (बिलासपुर) : सभापति महोदय, सन १९७७-७८ से कार्यरत एवं १५ वर्ष से १८ वर्ष से कार्यरत स्वास्थ्य रक्षकों को ५० रुपये महावारी मानदेय मिल रही है जो आज की मंहगाई को देखते हुए कम है। जो दवाइयां नागरिकों को प्राथमिक उपचार हेतु दी जा रही हैं, बंद कर दी गई हैं। उसे पर्याप्त मात्रा में दिया जाए जिससे ग्रामीण प्राथमिक उपचार से लाभ उठा सकें तथा उनकी महावरी ५० रुपये से बढ़ाकर ५०० रुपये प्रति महावरी मानदेय कर दी जाने हेतु केन्द्र सरकार पहल करे।